卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 243 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦ 9 जून 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## भर्ती में पारदर्शिता से बढ़ा युवाओं का विश्वास: धामी

### शहरी विकास, कौशल विकास एवं पशुपालन विभाग में चयनित अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से शहरी विकास, कौशल विकास एवं सेवायोजन तथा पशुपालन विभाग में विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को मंगलवार को आयोजित भव्य समारोह में नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं और अपेक्षा जताई कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ राज्य की सेवा करेंगे। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि



राज्य सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सरकार की पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के कारण आज युवाओं का सरकारी व्यवस्थाओं पर विश्वास मजबूत हुआ है। उत्तराखण्ड में सरकारी नौकरियों में लंबे समय तक भ्रष्टाचार, सिफारिश और भाई भतीजा वाद की शिकायतें सामने आती थीं, लेकिन वर्तमान सरकार ने इन प्रवृत्तियों पर प्रभावी अंकुश लगाकर भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता योग्यता आधारित चयन सुनिश्चित करना है, ताकि प्रतिभाशाली युवाओं को उनके परिश्रम का उचित सम्मान मिल सके। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षाओं में नकल माफिया और भ्रष्ट तंत्र के खिलाफ सरकार ने कठोर कार्रवाई की है। देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू कर भर्ती प्रक्रिया को सुरक्षित और विश्वसनीय बनाया गया है। (शेष पृष्ठ सात पर)

## कैंटर की टक्कर से 13 वर्षीय बच्ची की मौत

हल्द्वानी (संवाददाता)। शहर के शनि बाजार रोड पर सोमवार शाम हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 13 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। तेज रफ्तार कैंटर की टक्कर से स्कूटी सवार बच्ची वाहन के पहिये के नीचे आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए। जानकारी के अनुसार मृतक बच्ची मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद की रहने वाली थी और इन दिनों हल्द्वानी स्थित अपनी नानी के घर आई हुई थी। सोमवार शाम वह अपनी बहन के साथ स्कूटी से बाजार जा रही थी। इसी दौरान शनि बाजार रोड पर सामने से आ रहे तेज (शेष पृष्ठ सात पर)



## कुमांऊ की नई आईजी निवेदिता कुकरेती ने संभाला कार्यभार

नैनीताल। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी निवेदिता कुकरेती ने मंगलवार को कुमाऊं परिक्षेत्र, नैनीताल के पुलिस महानिरीक्षक पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने परिक्षेत्र के अधि कारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा क्षेत्र की कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग से संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत आईजी निवेदिता कुकरेती ने परिक्षेत्र के अधिकारियों के साथ प्रारंभिक बैठक कर विभिन्न जनपदों की कानून व्यवस्था की स्थिति, अपराध नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों (शेष पृष्ठ सात पर)



## पांच करोड़ की ज्वेलरी चोरी का खुलासा,तीन दबोचे

### सूचना पर आधी रात मैदान में उतरे एसएसपी,रुद्रपुर-बिलासपुर बॉर्डर पर चलाया गया विशेष अभियान

रूद्रपुर । हैदराबाद में करोड़ों रुपये मूल्य के आभूषण चोरी की सनसनीखेज वारदात के आरोपियों को पकड़ने के लिए उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर बड़ी सफलता हासिल की है। चोरी की घटना के बाद नेपाल भागने की फिराक में जुटे नेपाली मूल के तीन आरोपियों को बिलासपुर क्षेत्र में गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए करीब पांच करोड़ रुपये मूल्य के आभूषण भी बरामद किए गए हैं। जानकारी के अनुसार हैदराबाद में हुई बड़ी ज्वेलरी चोरी के बाद तेलंगाना के एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ने देर





रात ऊधमसिंहनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति से संपर्क कर महत्वपूर्ण सूचना साझा की। सूचना में बताया गया कि चोरी में शामिल नेपाली मूल के आरोपी उत्तराखण्ड के रास्ते नेपाल भागने की तैयारी में हैं और किसी भी समय सीमा पार कर सकते हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी अजय गणपति ने देर रात स्वयं मोर्चा संभाल लिया। उन्होंने तत्काल एसओजी और पुलिस टीमों को सक्रिय करते हुए रुद्रपुर-बिलासपुर सीमा क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान शुरू कराया। पूरे अभियान की निगरानी एसएसपी अजय गणपति स्वयं कर रहे थे और लगातार टीमों के संपर्क में बने हुए थे। चेकिंग के दौरान पुलिस को एक संदिग्ध बस की सूचना मिली, जिसे रोककर गहन तलाशी और सत्यापन की कार्रवाई की गई। जांच के दौरान बस में सवार नेपाली मूल के तीन संदिग्धों की गतिविधियां संदेहास्पद पाई गईं। पुलिस ने तत्काल (शेष पृष्ठ 7 पर)

## नगर पंचायत गढ़नेगी में शांतिपूर्ण हुआ मतदान

काशीपुर (उद संवाददाता)। जिले की नवगठित गढ़ीनेगी नगर पंचायत में पहले निकाय चुनाव के लिए शांतिपूर्ण मतदान हुआ। सुबह 8 बजे मतदान प्रक्रिया शुरू होते ही विभिन्न मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। क्षेत्रवासियों में अपने पहले जनप्रतिनिधियों को चुनने को लेकर खासा उत्साह नजर आ रहा है। बता दें गढ़ीनेगी को हाल ही में नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद यह पहला चुनाव है। नगर पंचायत अध्यक्ष पद के साथ 7 सदस्य पदों के लिए भी मतदान कराया जा रहा है।अध्यक्ष पद अनारक्षित होने के कारण



मुकाबला रोचक बना हुआ है और प्रत्याशियों के समर्थकों में भी उत्साह दिखाई दे रहा है। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने नगर पंचायत गढ़नेगी मतदान दिवस पर बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान प्रक्रिया में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए की गई व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबंधों तथा मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने मतदान कर्मियों से मतदान की प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक मतदाता (शेष पृष्ठ सात पर)

## दुकान में सोफे के नीचे गड्ढे से अवैध शराब बरामद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अवैध शराब के कारोबार में लिप्त लोग शराब बिक्री के नये नये तरीके निकाल रहे हैं। पूर्व में गुप्त सूचना मिलने पर औचक दबिश देने के बाद भी जिस जगह पुलिस के हाथ हमेशा खाली रहते थे आज वहीं पुलिस टीम को दुकान के अन्दर रखे सोफे के नीचे बनाये गये गड्ढ़े में रखे दो ड्रमों से अवैध शराब के दर्जनों पाउच बरामद कर लिए। पुलिस ने मौके से दो महिलाओं को अपनी हिरासत में भी ले लिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को रम्पुरा काली मंदिर के पास अवैध शराब का कारोबार संचालित होने की जानकारी मिल रही थी। कई बार दबिश देने के बाद भी पुलिस के हाथ कुछ नहीं (शेष पृष्ठ सात पर)



## मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प हो रहा साकार : धामी

### प्रधानमंत्री के 12 वर्ष के कार्यकाल को बताया ऐतिहासिक, कहा उत्तराखंड बना विकास योजनाओं का सबसे बड़ा लाभार्थी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केंद्र सरकार में लगातार 12 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प तेजी से साकार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में देश के साथ ही देवभूमि उत्तराखंड भी विकास और नवोदय के नए युग में प्रवेश कर रहा है। सोमवार को जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चार करोड़ से अधिक परिवारों को पक्के घर उपलब्ध कराए गए हैं, जबकि 81 करोड़ लोगों को हर माह निःशुल्क राशन मिल रहा है। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से 60 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ मिला है तथा मुद्रा योजना के तहत लाखों युवाओं और उद्यमियों को बिना गारंटी ऋण उपलब्ध कराया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में पेयजल आपूर्ति, सड़क, रेल और शहरी परिवहन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। आजादी के सात दशकों बाद जहां केवल 3.2 करोड़ घरों तक नल से जल पहुंचा था, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 16 करोड़ से अधिक हो गई है। वर्ष 2014 तक देश के केवल पांच शहर मेट्रो रेल सेवा से जुड़े थे, जबकि अब 26 शहरों तक इसका विस्तार हो चुका है



और मेट्रो नेटवर्क भी कई गुना बढ़ा है। धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर नई पहचान बना रहा है। डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में भारत दुनिया का नेतृत्व कर रहा है और वैश्विक डिजिटल लेनदेन का बड़ा हिस्सा भारत में हो रहा है। रक्षा उत्पादन, अंतरिक्ष विज्ञान, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्टार्टअप और सेमीकंडक्टर निर्माण जैसे क्षेत्रों में देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सेना में स्थायी कमीशन देने जैसे निर्णयों ने नारी शक्ति को नई पहचान दी है। देश आज आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ भी निर्णायक कार्रवाई करने में सक्षम हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन का सबसे बड़ा लाभ उत्तराखंड को मिला है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना, दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे सहित अनेक महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। सितारगंज टनकपुर, पौंटा साहिब देहरादून, भानियावाला ऋषिकेश, काठगोदाम लालकुआं हल्द्वानी बाईपास तथा रुद्रपुर बाईपास जैसी परियोजनाएं राज्य की कनेक्टिविटी को नई गति प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से उत्तराखंड के लोगों का सपना रही ऋषिकेश (शेष पृष्ठ सात पर)

# ट्रांजिट कैंप में महापौर के जनता दरबार में सैकड़ों लोगों को मिली राहत

रुद्रपुर। सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाने और आमजन की समस्याओं का समाधान उनके वार्डों में ही करने के संकल्प के साथ चलाए जा रहे 'महापौर जनता के द्वार' अभियान के तहत सोमवार को ट्रांजिट कैंप स्थित श्री राधा गोविंद मंदिर परिसर में बहुउद्देशीय शिविर एवं जनता दरबार का आयोजन किया गया। शिविर में जहां विभिन्न विभागों ने एक ही स्थान पर लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया, वहीं महापौर विकास शर्मा ने स्वयं अधिकारियों के साथ बैठकर जनता की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र की मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि ) योजना का जिला स्तरीय विशेष कैंप भी आयोजित किया गया। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडर्स पहुंचे। कैंप में 70 से अधिक लोगों ने योजना के अंतर्गत आवेदन किए, जिनमें से कई पात्र लाभार्थियों के आवेदन मौके पर ही स्वीकृत किए गए। सुबह से ही ट्रांजिट कैंप और आसपास के वार्डों से लोगों का शिविर में पहुंचना शुरू हो गया था। बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग, श्रमिक और स्थानीय नागरिक अपनी समस्याएं लेकर जनता दरबार पहुंचे। देर तक चले शिविर में लोगों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। शिविर में नगर निगम, विद्युत विभाग, जल संस्थान, समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग, आयुष्मान योजना, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र शाखा सहित कई विभागों द्वारा अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे। यहां लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर ही आवेदन और समाधान की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।जनता दरबार में बिजली कनेक्शन, पेयजल आपूर्ति, हाउस टैक्स, सफाई व्यवस्था, पेंशन, राशन कार्ड, श्रम कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित मामले प्रमुख रूप से सामने आए। कई शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया जबकि लंबित मामलों में महापौर ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।जनता दरबार के दौरान कई लोगों ने अमृत योजना के तहत पेयजल सुविधा का लाभ नहीं मिलने ओर दूषित पेयजल सप्लाई की शिकायत महापौर के समक्ष रखी। शिकायत सुनकर महापौर विकास शर्मा ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अमृत योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा शहर में पेयजल व्यवस्था मजबूत करने के लिए करीब 35 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए थे, लेकिन यदि आज भी लोगों को योजना का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है तो यह गंभीर विषय है। उन्होंने जल संस्थान के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि योजना का लाभ हर पात्र परिवार तक पहुंचना चाहिए और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि चुनाव के दौरान उन्होंने जनता से वादा किया था कि नगर निगम केवल कार्यालय तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि खुद जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करेगा। 'महापौर जनता के द्वार' अभियान उसी संकल्प को पूरा करने की दिशा में एक मजबूत पहल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में ट्रिपल इंजन सरकार जनता तक पहुंचकर कार्य कर रही है। सरकार का लक्ष्य है कि अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और किसी भी जरूरतमंद को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। महापौर ने कहा कि यह तीसरा जनता दरबार है और जिन वार्डों में अभी शिविर नहीं लग पाए हैं वहां भी जल्द इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रयास है कि अधिक से अधिक समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान हो और लोगों को राहत मिले।उन्होंने कहा कि ट्रांजिट कैंप क्षेत्र के लोगों ने भी स्वीकार किया है कि पहली बार इस तरह सभी विभागों को साथ लेकर जनता दरबार उनके बीच लगाया गया है। जनता दरबार के दौरान महापौर विकास शर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि अब केवल कार्यालयों में बैठकर काम करने की व्यवस्था नहीं चलेगी। अधिकारियों को जनता के बीच जाना होगा और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर समाधान करना होगा। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। योजनाओं का लाभ सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि धरातल पर दिखाई देना चाहिए। जो अधिकारी अपने दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। महापौर ने कहा कि नगर निगम सरकार और जनता के बीच सेतु बनकर काम कर रहा है। विकास कार्य जनता की जरूरतों और प्राथमिकताओं के आधार पर आगे बढ़ाए जा रहे हैं। शिविर में नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे ने कहा कि 'महापौर जनता के द्वार' अभियान के तहत यह तीसरा जनता दरबार आयोजित किया गया है। इस शिविर के माध्यम से ट्रांजिट कैंप सहित आसपास के कई वार्डों को कवर किया गया है। उन्होंने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना का जिला स्तरीय कैंप भी इसी कार्यक्रम के अंतर्गत लगाया गया, जिसमें जिले के विभिन्न निकायों से स्ट्रीट वेंडर्स पहुंचे। जनता की ओर से जो भी समस्याएं सामने आई हैं, उन्हें संबंधित विभागों को भेज दिया गया है और उनके समाधान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस अवसर पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पियूष रंजन, राजू नबियाल, पार्षद पवन राणा, पार्षद विष्णु, चिराग कालरा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।









## एसआईआर के लिए डीएम ने भरा गणना प्रपत्र

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सोमवार को उप जिलाधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी रूद्रपुर मनीष बिष्ट तथा बीएलओ दीपा आर्या ने जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया को उनके कार्यालय में गणना प्रपत्र भरवाया। गणना प्रपत्र भरने के उपरांत जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद की सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जनपद के 1464 मतदेय स्थलों पर नियुक्त बूथ लेवल अधिकारी 08 जून से 07 जुलाई 2026 तक घर घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराएंगे तथा उन्हें भरवाकर वापस प्राप्त करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से मतदाताओं के विवरण का सत्यापन एवं अद्यतन किया जाएगा, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी तथा प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने जनपद के सभी मतदाताओं से अपील की कि विशेष गहन पुनरीक्षण के इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि जब बीएलओ गणना प्रपत्र लेकर घरों तक पहुंचें तो मतदाता उन्हें आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं तथा प्रपत्रों के वितरण और संग्रहण की प्रक्रिया में पूरा सहयोग दें, ताकि निर्वाचन आयोग का यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, तहसीलदार दिनेश कुटौला, सुपरवाइजर संजय कुमार वर्मा, आईटी प्रभारी पिंकी कौर, राजू पाल, हरीश तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



## बैंक ऑफ इंडिया में करोड़ों के घोटाले की आशंका

सितारगंज। सितारगंज में बैंक ऑफ इंडिया से जुड़ा एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने बैंकिंग व्यवस्था की पारदर्शिता और सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्राम झुका निवासी गब्बर अहमद सहित सात लोगों ने बैंक के कर्मचारी और पूर्व शाखा प्रबंधक पर संगठित तरीके से लाखों रुपये की धोखाधड़ी, गबन और आपराधिक षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया है। पीड़ितों द्वारा कोतवाली सितारगंज में दी गई। तहरीर के अनुसार एनपीए खाते बंद कराने, लोन खातों का सेटलमेंट कराने, किसान क्रेडिट कार्ड की वापसी कराने, बैंक द्वारा नीलाम की गई कार दिलाने तथा शादी के लिए नए नोट उपलब्ध कराने जैसे विभिन्न कार्यों के नाम पर लोगों से बड़ी रकम वसूली गई, लेकिन वह राशि संबंधित खातों में जमा नहीं की गई। गब्बर अहमद का आरोप है कि उनकी फर्म 'गब्बर इंटरप्राइजेज' के एनपीए खाते को बंद कराने के नाम पर 25 मई 2026 को बैंक परिसर में ही 2 लाख 15 हजार रुपये लिए गए और एक सप्ताह में नो-ड्यूज प्रमाण पत्र देने का भरोसा दिया गया, लेकिन आज तक न तो खाता बंद हुआ और न ही कोई प्रमाण पत्र मिला। जांच करने पर पता चला कि जमा की गई रकम खाते में पहुंची ही नहीं। तहरीर में पीलीभीत और उधम सिंह नगर के कई अन्य पीड़ितों का भी उल्लेख है, जिनसे 30 हजार रुपये से लेकर 2 लाख रुपये तक की रकम अलग-अलग बहानों से ली गई। पीड़ितों का दावा है कि अधिकांश लेनदेन बैंक परिसर में तत्कालीन शाखा प्रबंधक की मौजूदगी में हुए थे, जिससे उन्हें किसी तरह के धोखे की आशंका नहीं हुई। नया शाखा प्रबंधक आने के बाद जब खातों की स्थिति जांची गई तो कथित घोटाले का खुलासा हुआ। मामले में कुल लाखों रुपये के गबन की बात सामने आने से बैंक ग्राहकों में हड़कंप मच गया है। पीड़ितों ने इसे बैंक की आड़ में चलाया गया सुनियोजित ठगी का नेटवर्क बताते हुए आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई, निष्पक्ष जांच और पूरी रकम की बरामदगी की मांग की है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह मामला केवल कुछ खातों तक सीमित न रहकर बैंकिंग प्रणाली में बड़े वित्तीय घोटाले का रूप भी ले सकता है। पुलिस द्वारा शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू किए जाने की संभावना है, जबकि क्षेत्र में यह मामला चर्चा का प्रमुख विषय बना हुआ है।

## पुलिस ने उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को किया जागरूक

रूद्रपुर । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने सोमवार को पारले कंपनी परिसर में सिडकुल क्षेत्र के विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों और कर्मचारियों के लिए एक विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल और व्यक्तिगत जीवन में नशा, साइबर अपराध तथा सड़क सुरक्षा जैसी गंभीर चुनौतियों के प्रति सतर्कता बढ़ाना था। एसएसपी ने युवा पीढ़ी को नशे की लत से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि अनुशासन और जागरूकता ही देश के उज्ज्वल भविष्य का आधार हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि यदि कोई व्यक्ति नशे की चपेट में हो, तो उसे सुधारने का प्रयास करें और संबंधित हेल्पलाइन की मदद लें। कार्यक्रम के दौरान एसएसपी ने वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन जॉब फ्रॉड, लॉटरी स्कैम, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी और क्यूआर कोड स्कैम जैसे खतरों के प्रति सचेत करते हुए कहा कि जागरूकता ही साइबर अपराधियों से बचने का सबसे प्रभावी हथियार है। उन्होंने किसी भी संदिग्ध कॉल या लिंक पर भरोसा न करने की सलाह दी और किसी भी प्रकार की ठगी होने पर साइबर हेल्पलाइन 1930 या पोर्टल पर तुरंत शिकायत दर्ज कराने को कहा। साथ ही, सोशल मीडिया के जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग पर जोर देते हुए निजी जानकारी साझा न करने की हिदायत दी। सड़क सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए एसएसपी ने हेलमेट, सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग और ओवरस्पीडिंग से होने वाले खतरों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क पर बरती गई थोड़ी सी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इस अवसर पर साइबर हेल्पलाइन 1930, पुलिस हेल्पलाइन 112, महिला हेल्पलाइन 1090 और बाल हेल्पलाइन 1098 की जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम में सिडकुल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गेश मोहन, विनय डबराल, पूर्व अध्यक्ष कृष्णा सत्यवाली, परमेश्वर शर्मा, रितनेश चौहान सहित विभिन्न उद्योगों के अनेक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए गए इस सार्थक अभियान के लिए एसएसपी का आभार व्यक्त किया।



## प्रतिष्ठानों में किया अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी के निर्देशों तथा जनपद में अग्नि सुरक्षा एवं जनसुरक्षा मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में प्रशासन, अग्निशमन विभाग, पुलिस तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी सम्मिलित रहे। निरीक्षण के दौरान एन. एच. मार्ट (गोलापार), रुकैया ट्रेडिंग कम्पनी (गोलापार), मेडी सेन्टर हॉस्पिटल ( शनि बाजार ) तथा रूद्रा ट्रेडर्स, रामपुर रोड का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय प्रतिष्ठानों में उपलब्ध अग्निशमन उपकरणों, फायर अलार्म प्रणाली, आपातकालीन निकास मार्गों, विद्युत सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था तथा अन्य सुरक्षा मानकों का परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एन.एच. मार्ट (गोलापार), रुकैया ट्रेडिंग कम्पनी (गोलापार) तथा रूद्रा ट्रेडर्स, रामपुर रोड का स्थलीय निरीक्षण में अग्निशमन मानकों से संबंधित आवश्यक अनुमति/अनापत्ति प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं पाया गया।उक्त गंभीर अनियमितता को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार नोटिस निर्गत किए गए हैं तथा सीलिंग की कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। अन्य प्रतिष्ठानों में भी अग्नि सुरक्षा मानकों, उपलब्ध अभिलेखों एवं लाइसेंसों का परीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश जारी किए गए। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जनसुरक्षा से संबंधित मानकों के उल्लंघन को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा भविष्य में भी ऐसे निरीक्षण अभियान निरंतर संचालित किए जाते रहेगे।



# सुरक्षा नियमों के पालन से ही होगा जीवन सुरक्षित: त्यागी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सड़क पर वाहन चलाने के दौरान यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ सकती है। इससे आम जनजीवन भी सुरक्षित रह सकता है। यह बात जिला न्यायधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष सिकन्द कुमार त्यागी ने आज जिला विधिक सेंवा प्राधिकरण द्वारा चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के दूसरे दिन डीडी चौक पर आयोजित सड़क सुरक्षा जागरूकता व नेत्र परीक्षण शिविर के दौरान उपस्थित जन समूह को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन के साथ ही उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधमसिंह नगर द्वारा 8 जून से 14 जून तक सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाये तो यह जनपद निश्चित रूप से आये दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से मुक्त हो सकता है। न्यायधीश श्री त्यागी ने आम जनता से वाहन चलाने के दौरान स्वयं यातायात नियमों को पूर्णतया पालन करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आहवान किया। अपने सम्बोधन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सिविल जज सीनियर डिवीजन श्रीमति ममता पंत ने कहा कि सड़क सुरक्षा हम सबके लिए महत्वपूर्ण विषय है। सुड़क सुरक्षा के बनाये गये नियमों का सभी को पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि न सिर्फ वाहन चलाने के दौरान बल्कि पैदल चलते समय भी नियमों का ध्यान रखना जरूरी है। इससे सबका जीवन सुरक्षित रह सकेगा। उन्होंने बताया कि आगामी 14 जून तक सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए निरंतर कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहेंगे। इसी क्रम में सोमवार को त्रिशूल चौक से जागरूकता रैली निकाली गई थी। इसी प्रकार शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जायेंगे।जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव फौगाट व सचिव जसवंत सिंह ने भी बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिता व्यक्त करते हुए सभी से सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक होने का आहवान किया। इससे पूर्व उपस्थित सभी गणमान्यजनों व आम जनता द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ ग्रहण की गई। कार्यक्रम के दौरान आयोंजित नि:शुल्क नेत्र शिविर में जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डा. उदयशंकर व डा. एसपी त्रिपाठी ने मौजूद तीन दर्जन से अधिक वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण किया और स्टॉफ के धीरज पंवार, अमित सक्सेना व नन्दराम ने नि:शुल्क दवायें वितरित कीं। कार्यक्रम में एडीजे प्रथम राजू श्रीवास्तव, एएसडी द्वितीय इन्दू शर्मा के साथ न्यायधीश रीतिका सेमवाल, विवेक राणा, नीरज कुमार, रविन्द्र देव, सहित शम्भू, प्रतीक पेथेला, प्रतीक्षा, चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल मो. सिराज, सत्यपाल सिंह, छवि अग्रवाल, एएलएडीसी लुबीना पाकल, आमोद कुमार पाण्डे, कामेश फुलेरा, श्रीमति दीप्ति राजपूत, मोहित, शंकरनाथ गोस्वामी, केशव सिंह, राकेश कुमार, कंचन सिंह, निशा राजभर सहित कई अधिवक्तागण, कोतवाल उमेश दानू, यातायात तथा सीपीयू पुलिसकर्मी व वाहन चालक मौजूद थे।






SAHAS Homeo साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश




# स्वतंत्रता सेनानी शास्त्री की प्रतिमा का अनावरण

गदरपुर। आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ग्राम बरेलीनगर नंबर एक निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय ओंकारनाथ शास्त्री की प्रतिमा का शनिवार को भव्य समारोह में अनावरण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, उत्तर प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना और विधायक अरविंद पांडे ने संयुक्त रूप से प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि देश आज जिन स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के बलिदान के कारण आजादी की सांस ले रहा है, उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि तराई क्षेत्र के महान स्वतंत्रता सेनानी ओंकारनाथ शास्त्री की प्रतिमा के अनावरण का अवसर मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है। विशिष्ट अतिथि डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि ओंकारनाथ शास्त्री के पिता बृजमोहन शास्त्री बरेली से विधायक रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में ओंकारनाथ शास्त्री का उल्लेखनीय योगदान रहा है। विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि भारत की धरती सदैव बलिदानियों की रही है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सम्मान में किया गया यह प्रयास युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। उन्होंने शास्त्री परिवार के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया। कार्यक्रम को कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह, अल्मोड़ा से पहुंचे बीड़ी भट्ट, एडवोकेट अनिल कुमार सक्सेना तथा संचालन कर रहे सुखविंदर सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष सतीश मुंजाल, विजय सुखीजा, संजीत सिंह गुलाटी, अनिल गुप्ता, राकेश अग्रवाल, सिब्ते नवी, रामविलास शाह, शैलेंद्र शर्मा, शाकिर अली, परिमल राय, त्रिनाथ विश्वास, चंदन सिंह नयाल, संदीप सहगल, नरेंद्र सिंह ग्रोवर, गुरनाम चंद कंबोज, अनादि रंजन मंडल, अतुल पांडे, रिजवान हुसैन, राजेंद्र कंबोज, प्रियंक आनंद, मयंक आनंद, ममता हालदार,बीना अग्रवाल, मीना शर्मा, योजना गुप्ता, इंदु अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# मुख्यमंत्री धामी को सौंपा गया गणना फॉर्म

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड में मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत सोमवार को सचिवालय में मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को गणना फॉर्म सौंपा। इस दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मुख्यमंत्री को अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत प्रदेश के सभी मतदाताओं को गणना फॉर्म उपलब्ध कराए जाएंगे, जिनके माध्यम से मतदाताओं के विवरण का सत्यापन और अद्यतन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी 7 जुलाई तक चलने वाले इस विशेष अभियान के दौरान बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा मतदाताओं से प्राप्त गणना फॉर्मों को बीएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटलीकृत किया जाएगा। इससे मतदाता सूची को अद्यतन करने की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सटीक और प्रभावी बन सकेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि अभियान के सफल संचालन के लिए निर्वाचन विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं तथा सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इस अवसर पर सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास भी उपस्थित रहे।



# सरकार की योजनाओं का मिल रहा हर वर्ग को लाभ: चुघ

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने वार्ड नंबर दो विवेक नगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट वितरित की। इस दौरान उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। महालक्ष्मी किट वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत भूषण चुघ ने कहा कि सरकार बच्चों, महिलाओं और जरूरतमंद परिवारों के कल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित कर रही है। आंगनबाड़ी केंद्रों और सरकारी विद्यालयों के माध्यम से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ ही उनके स्वास्थ्य एवं पोषण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मिड डे मील योजना, महालक्ष्मी किट सहित अन्य योजनाएं बच्चों और माताओं के जीवन स्तर में सुधार लाने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा का अवसर मिलना चाहिए, क्योंकि शिक्षित समाज ही देश और प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। बच्चों को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि वे अपने परिवार, शहर और प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। भारत भूषण चुघ ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत सुविधाओं और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में प्रभावी कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बाल विकास मंत्री रेखा आर्य गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को लेकर विशेष रूप से संवेदनशील हैं तथा उनके लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रोनोति विश्वास, सहायिका चंपा सरकार सहित लाभार्थी निशा, रचना, दीक्षा, शालिनी और अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।



# प्लॉट के नाम पर 10.40 लाख रुपये हड़पने का लगाया आरोप
## दिल्ली से आकर दिनेशपुर थाने में महिला लगा रही चक्कर

दिनेशपुर। प्लॉट की खरीद-फरोख्त के नाम पर लाखों रुपये लेने के बाद न तो जमीन की रजिस्ट्री करने और न ही रकम वापस करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाना दिनेशपुर में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।दिल्ली निवासी शिक्षा पाईक पत्नी राजू पाईक ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने दिनेशपुर क्षेत्र के इंदिरा नगर वार्ड संख्या-9 स्थित हरिधाम पॉपर्टीज से 40ग्45 वर्गफीट के एक भूखंड का सौदा किया था। आरोप है कि इस सौदे के तहत दो प्लांट को दिखाने वाले दलाल से 10 लाख 40 हजार रुपये में प्लॉट खरीदने की सहमति बनी थी। पीड़िता का कहना है कि उन्होंने तय राशि पूरी तरह आरोपियों को दे दी थी।तहरीर के अनुसार, रकम लेने के बाद आरोपियों ने न तो भूखंड की रजिस्ट्री कराई और न ही कब्जा दिया। जब पीड़िता ने अपने रुपये वापस मांगे तो उन्हें लगातार आश्वासन दिया जाता रहा। आरोप है कि बाद में 28 अप्रैल 2026 को आरोपियों ने तीन चेक देते हुए 5 मई तक पूरी रकम लौटाने का वादा किया था। साथ ही कहा था कि यदि निधारित समय तक भुगतान नहीं किया गया तो वह कानूनी कार्रवाई कर सकती हैं।पीड़िता ने बताया कि तय समय बीत जाने के बाद भी न तो रुपये लौटाए गए और न ही प्लॉट से संबंधित कोई कार्रवाई की गई। इसके बाद उन्होंने 11 मई 2026 को थाना दिनेशपुर में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के दौरान आरोपियों ने 15 दिन का अतिरिक्त समय मांगा था, लेकिन 5 जून तक भी समस्या का समाधान नहीं हुआ।शिखा पाईक का कहना है कि वह लंबे समय से अपने पैसे और प्लॉट के लिए परेशान हैं। उन्होंने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।दिनेशपुर थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट का कहना है कि प्राप्त शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# किच्छा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को दायित्व मिलने पर शुक्ला ने किया स्वागत

किच्छा। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार द्वारा विभिन्न आयोगों, परिषदों एवं बोर्डों में किच्छा क्षेत्र के समर्पित कार्यकर्ताओं को सदस्य के रूप में मनोनीत किए जाने पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने अपने आवास पर सभी मनोनीत सदस्यों का स्वागत एवं सम्मान किया। प्रदेश सरकार द्वारा उत्तराखंड संस्कृति, साहित्य एवं कला परिषद में नारायण पाठक, परंपरागत शिल्प उन्नयन संस्थान में महेंद्र बाल्मीकि, उत्तराखंड सफाई कर्मचारी आयोग में नितिन वाल्मीकि, गोरखा कल्याण परिषद में वीर बहादुर थापा, माटी कला बोर्ड में हीरा प्रजापति तथा उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग में फरहा खान को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने सभी नवनियुक्त सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग को प्रतिनिधित्व देने और उनके हितों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विभिन्न आयोगों एवं परिषदों में क्षेत्र के समर्पित कार्यकर्ताओं को दायित्व मिलना न केवल किच्छा क्षेत्र के लिए गौरव की बात है, बल्कि इससे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में भी सहायता मिलेगी। इस अवसर पर सभी मनोनीत सदस्यों ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से करते हुए समाज और प्रदेश के विकास में सक्रिय योगदान देंगे।






# Guru Maa Enterprises

**RUDRAPUR** - 9927882338, **KASHIPUR**- Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555, **HALDWANI** - Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, **HARIDWAR** - 9761699704, **MORADABAD** - Civil Lines-7500839146, Punjab Electronics - 9837040878, GEE AAR Elc- 9719077772, Hitesh Electricals- 9897894211, Bunty Mobile- 7500000266, **SAMBHAL** - Aiaza Mart- 9837254639, **GADARPUR** - Gurunanak Enterprises, 9927850999, **KICHHA** - Deepak Eletronics 7017575920, **ALMORA** - Gupta Electronics 7895887544, **LALKUAN** - New Radhe Radhe 8923493000, **PITHORAGHRH** - Shiva Enterprises 9760633187, **KOTDWAR** - Shree Keshav Electronics- 9205867411, **PANIPAT** - 8607964000, **KARNAL**- 8684077000.


उत्तराखण्ड शासन
उत्तराखंड 25
गौरव, विकास और संकल्प का पर्व
12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के
गर्वित भारत उत्तराखण्ड
सांस्कृतिक पुनर्जागरण की गाथा
" माननीय प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विज़न के अनुरूप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिये विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। "
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
" राष्ट्रीय एकता हो या फिर नागरिक कर्तव्य बोध, इसमें भी हमारी ये सांस्कृतिक विरासत कड़ी का काम करती। यही वो मजबूत कड़ी है, जो देश को ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को भी भारत से जोड़ती है। "
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
अमृत काल के पंच प्रण
विकसित भारत
गुलामी की मानसिकता से मुक्ति
विरासत पर गर्व
एकता
नागरिक कर्तव्य
गौरीकुण्ड से केदारनाथ एवं गोविन्दघाट से हेमकुण्ड साहिब तक रोपवे निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास।
सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किलोमीटर रोपवे का 4081 करोड़ की लगत एवं गोविंद घाट से हेमकुंड साहिब तक 12.4 किलोमीटर रोपवे का 2730 करोड़ रुपये की लागत से होगा निर्माण।
केदारनाथ और बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत कार्य गतिमान।
बद्रीनाथ धाम को स्मार्ट अध्यात्मिक पहाडी कस्बे के रूप में विकसित करने हेतु ₹255 करोड़ की विकास योजनाओं का कार्य गतिमान है।
₹12,000 करोड़ से अधिक की लागत से चार धाम को जोड़ा गया ऑल वेदर सड़क से, जिससे पहाड़ों का सफर हुआ सुगम।
हरिपुर कालसी में यमुना तीर्थ स्थल का भव्य निर्माण कार्य जारी।
महासू मंदिर, हनोल के मास्टर प्लान को दी गई मंजूरी।
राज्य में पहली बार शीतकालीन यात्रा का हुआ शुभारंभ।
शीतकालीन यात्रा को बढ़ावा देने माँ गंगा के शीतकालीन निवास स्थल मुखवा पहुंचे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी।
आस्था का पुनर्जागरण
श्री राम मन्दिर, अयोध्या, महाकाल महालोक, काशी विश्वनाथ धाम, केदारनाथ धाम, बदरीनाथ धाम का दिव्य एवं भव्य पुनर्विकास।
अंतरराष्ट्रीय योग दिवसः
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2014 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता।
प्रसाद योजना के तहत तीर्थ स्थलों का विकास और संरक्षण
आध्यात्मिक पर्यटन से अर्थव्यवस्था को मजबूती
राज्य के 13 जिलों में 13 आदर्श संस्कृत ग्रामों का हुआ शुभारंभ। राज्य में संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के लिये शुरू की गई पहल।
दून विश्वविद्यालय में सेंटर फोर हिन्दू स्टडीज केन्द्र की स्थापना की गई है। इसमें हिन्दू सभ्यता और संस्कृति से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर शिक्षण और शोध कार्य हो सकेंगे।
स्कूलों के पाठ्यक्रम में शामिल होगा श्रीमद् भागवत गीता का अध्ययन
कैंची धाम बाईपास का निर्माण कार्य गतिमान
प्रदेश में आयुर्वेदिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा, योग और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गढ़वाल और कुमाऊं मंडलों में एक एक स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन की होगी स्थापना।
उत्तराखंड में कुंभ मेला 2027 की तैयारियों के लिए केंद्र सरकार द्वारा 500 करोड़ रुपये की धनराशि जारी
कुमाऊं क्षेत्र में मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के अन्तर्गत 48 मन्दिरों तथा गुरुद्वारों को सर्किट के रूप में जोड़ने का कार्य गतिमान।
उत्तराखण्ड के जखोल, सूपी, हर्षिल और गुंजी गांवों को भारत सरकार द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम के रूप में पुरस्कृत किया गया।
विकास भी विरासत भी
संकल्प से शिखर तक
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## 'इंडिया' गठबंधन की बैठक

इसमें कोई दोराय नहीं कि विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के सामने फिलहाल बहुस्तरीय चुनौतियां खड़ी हैं और संगठित होकर इनका सामना करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। मगर पिछले कुछ समय से 'इंडिया' के कुछ घटकों ने गठबंधन के दायित्वों से जुड़े जैसे सवाल उठाए हैं, उन पर विचार करके आगे की दिशा तय करने की चुनौती शायद सबके लिए अहम है। गौरतलब है कि कुछ राज्यों में विधानसभा चुनावों और उसके बाद नीट-यूजी 2026 के प्रश्नपत्र लीक होने सहित कई व्यापक महत्त्व के मुद्दों पर जनता के भीतर असंतोष के स्वर तीखे होने के बीच सोमवार को 'इंडिया' गठबंधन की बैठक हुई। माना जा रहा था कि कुछ दलों की नाराजगी का असर बैठक पर पड़ सकता है, लेकिन इसमें शामिल होने वाले दलों के बीच कई मुद्दों पर साझा अभियान चलाने पर सहमति बनी।मुख्य रूप से एसआइआर और चुनावों में वोटों की गड़बड़ी पर सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखने के अलावा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर सभी दल सहमत थे। नाजुक आर्थिक स्थिति, बेरोजगारी, महंगाई और समाज के कमजोर तबकों के मुद्दों पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने की भी मांग की गई।हालांकि तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के नतीजे के बाद कांग्रेस ने जिस तरह सत्ता में आई टीवीके के साथ नया मोर्चा बना लिया, उसके बाद द्रमुक का 'इंडिया' में साथ रहना वैसे भी मुश्किल था। इसी तरह, माकपा ने भी केरल में चुनाव के दौरान कांग्रेस के रुख पर सवाल उठाया।मतभेद के मुद्दों पर संवाद और एक-दूसरे को समान स्तर पर अहमियत देना गठबंधन को मजबूत करने का एक रास्ता हो सकता है, लेकिन यह तभी संभव है जब इसके सभी सदस्य-दलों के भीतर सामूहिक भावना के साथ राजनीतिक चुनौतियों का सामना करने की इच्छाशक्ति हो। जिस समय राजनीतिक चुनौतियां गहरा रही हों, वैसे में साझा मोर्चा मजबूत करने का रास्ता निकालने के लिए न्यूनतम बिंदुओं पर सहमति के रास्ते तैयार करने की जरूरत है। लोकतंत्र एक मजबूत विपक्ष के मुखर स्वर से ही जीवित रहता है। ऐसे में कुछ मतभेदों के बावजूद 'इंडिया' गठबंधन में शामिल दलों के बीच नए सिरे से मैदान में उतरने और हर दो महीने में बैठक करने पर बनी सहमति शायद वक्त का तकाजा भी है।

# एसएसपी ने पुलिस चौकियों का किया औचक निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने सोमवार को कोतवाली सितारगंज क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विभिन्न पुलिस चौकियों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चौकियों में चल रहे निर्माण कार्यों, सुरक्षा प्रबंधन, अभिलेखों के रखरखाव तथा जनशिकायतों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसएसपी अजय गणपति ने चौकी सिडकुल, चौकी शक्तिफार्म तथा चौकी सड़कड़ा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चौकियों की कार्यप्रणाली, कानून व्यवस्था संबंधी गतिविधियों, शस्त्रागार, अभिलेखों के रखरखाव और कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की गहनता से समीक्षा की। उन्होंने पुलिस कर्मियों को जनसमस्याओं और शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध समाधान पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने चौकियों में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा सभी कार्य मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं। एसएसपी ने चौकी परिसरों में साफ सफाई व्यवस्था की भी समीक्षा की और सभी प्रभारी अधिकारियों को परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस चौकियां आम जनता के लिए पुलिस व्यवस्था का पहला संपर्क केंद्र होती हैं, इसलिए वहां का वातावरण साफ, सुव्यवस्थित और जनअनुकूल होना चाहिए। अजय गणपति ने सरकारी अभिलेखों के रखरखाव पर विशेष जोर देते हुए सभी रिकॉर्ड अद्यतन एवं व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने शस्त्रों और अन्य पुलिस उपकरणों के सुरक्षित रखरखाव को भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए नियमित निरीक्षण और रखरखाव सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों से संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी भी प्राप्त की तथा बेहतर पुलिसिंग और जनसेवा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। एसएसपी ने कहा कि पुलिस चौकियों की कार्यक्षमता और आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे आम जनता को बेहतर पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें और कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।



जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

## सूचना नाम परिवर्तन

सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम हर्षदीप सिंह (HARSHDEEP SINGH) था अब मैंने अपना नाम बदलकर हर्षदीप सिंह कोहली (HARSHDEEP SINGH KOHLI) रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम हर्षदीप सिंह कोहली (HARSHDEEP SINGH KOHLI) से ही सम्बोधित करें।

-हर्षदीप सिंह कोहली पुत्र श्री तेजवंत सिंह निवासी मकान नं0-3/230, गोविन्दपुरा, पुलिस चौकी के पीछे, भोटिया पडाव, हल्द्वानी जिला नैनीताल उत्तराखण्ड

# किसानों को जैविक खेती के लिए किया जागरूक

हल्द्वानी। प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा संचालित जिला स्तरीय खेत बचाओ अभियान का उद्घाटन हल्द्वानी विकास खंड सभागार में सांसद अजय भट्ट ने दीप प्रज्वलित कर किया। एक जून से 30 जून तक चलने वाले इस अभियान के तहत सांसद ने अधिकारियों को जैविक खेती के प्रमाणीकरण और मार्केटिंग की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि उत्पादों के विपणन हेतु ई-नाम पोर्टल के व्यापक उपयोग पर भी बल दिया। सांसद ने कहा कि आधुनिक दौर में रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक प्रयोग असाध्य बीमारियों को जन्म दे रहा है, इसलिए मिट्टी की उपजाऊ क्षमता बनाए रखने के लिए गोबर, जैविक खाद और कंपोस्ट के उपयोग को बढ़ावा देना अनिवार्य है। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र ज्योलिकोट के प्रभारी डॉ संजय चौधरी ने किसानों को कीटनाशकों और उर्वरकों के संतुलित प्रयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विशेषज्ञों की सलाह के बिना रसायनों के इस्तेमाल से बचने की चेतावनी दी। केंद्रीय शीतजल मात्स्यकी अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ अमित पांडे ने मिट्टी की जांच के आधार पर पोषक तत्वों के उपयोग पर जोर दिया ताकि पर्यावरण सुरक्षित रहे। इफको के क्षेत्रीय अधिकारी दीपक आर्या ने कम लागत और कम मात्रा में अधिक उत्पादन के लिए नैनो फर्टिलाइजर, नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के उपयोग को उपयोगी बताया। प्रांतीय किसान मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र सिंह नेगी ने जैविक और प्राकृतिक खेती को धीरे-धीरे अपनाने की आवश्यकता जताई। जिला पंचायत सदस्य डॉ छवि काण्डपाल ने रासायनिक खादों से पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के प्रति आगाह किया। ब्लॉक प्रमुख मंजू गौड़ ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे कृषि यंत्रीकरण, बीज वितरण और घेरबाड़ का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन डॉ जितेंद्र भास्कर ने किया। इस अवसर पर मुख्य कृषि अधिकारी नैनीताल डॉ गीतांजलि बंगारी, सहायक परियोजना निदेशक चंद्रा फर्त्याल, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, डॉ ममता जोशी, देवयानी चौधरी, किशोर मंडल सहित 100 से अधिक किसान और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# विधायक ने किया सड़क का लोकार्पण, सुनी जनसमस्याएं

किच्छा। विधायक तिलक राज बेहड़ ने रविवार को ग्राम जीरो बांदा स्थित गुरुद्वारे में मत्था टेककर अपने ग्रामीण जनसंवाद कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने जीरो बांदा, चीमा लेन, प्रधान लेन, दीवान झाला, बंगाली कॉलोनी एवं कोटखर्रा क्षेत्र में जनसंपर्क कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। विधायक ने अपनी निधि से जीरो बांदा में लगभग 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित सड़कों का लोकार्पण किया, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। जनसंवाद के दौरान अधिकांश समस्याओं का विधायक ने मौके पर ही निस्तारण किया, जबकि शेष मामलों के त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। विधायक ने विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि नजीबाबाद ग्राम सभा एवं आसपास के क्षेत्रों में उनके प्रयासों से अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से नजीबाबाद स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य प्रगति पर है और क्षेत्र में अनेक सड़कों का जाल बिछाया गया है। विधायक ने कहा कि पिपलिया चौराहे से सड़क चौड़ीकरण और किच्छा में स्टेडियम का निर्माण उनकी प्रमुख प्राथमिकताएं हैं, जिनके लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। इस दौरान विधायक ने नागरिकों से आगामी जनगणना के दौरान अपनी सही सामाजिक एवं आवासीय स्थिति दर्ज कराने का आह्वान किया, ताकि भविष्य में उन्हें सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। उन्होंने ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक भी किया। विभिन्न ग्रामों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रेम आर्य, गुलशन सिंधी, राजेश प्रताप सिंह, बलवंत सिंह, सुरजीत सिंह, मेजर सिंह, भजन सिंह, बलबीर सिंह, बलदेव सिंह, लखविंदर सिंह, प्रेम, सपन मंडल, धनंजय, उत्तम दत्ता, विक्रम कोरंगा, योगी, रक्षपाल सिंह, तलविंदर सिंह, भगवान सिंह, राजू, मनीष और विश्वजीत समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।



# बच्चों को मैडल व पुरस्कार देकर किया सम्मानित

गदरपुर (उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा परिसर में आयोजित 15 दिवसीय गुरु प्रसाद समर कैंप का समापन धार्मिक कार्यक्रम, गुरबाणी कीर्तन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हो गया। समापन अवसर पर शिविर में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को मैडल, स्मृति चिन्ह और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। स्त्री सत्संग सभा की अध्यक्ष सविंदर कौर रोजी एवं उनकी टीम के नेतृत्व में आयोजित इस समर कैंप में 95 बच्चों ने प्रतिभाग किया। शिविर के दौरान बच्चों को धार्मिक एवं नैतिक शिक्षा के साथ गुरमुखी पंजाबी अक्षर ज्ञान, गुरबाणी पाठ, कविता, गुरु इतिहास, गतका, गुरबाणी कीर्तन तथा स्वास्थ्य संबंधी विषयों की जानकारी दी गई। समापन समारोह के दौरान आयोजित धार्मिक क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। प्रथम ग्रुप में आन्वी अरोड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय ग्रुप में उज्ज्वल कोचर प्रथम और महेंद्र प्रताप सिंह द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं तृतीय ग्रुप में सिमरप्रीत कौर प्रथम तथा वान्या कोचर द्वितीय स्थान पर रहीं। शिविर में ग्रंथी राजेंद्र सिंह, सविंदर कौर रोजी, उत्तराखंड सिख मिशन काशीपुर के प्रचारक हरजिंदर सिंह, सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के संयोजक देवेंद्र सिंह, बलजीत सिंह, रागी नवजोत सिंह, मंगल सिंह, परमजीत सिंह, परविंदर कौर, सुरेंद्र सिंह ग्रोवर, इंद्रजीत सिंह ग्रोवर, बलजीत कौर, भूपेंद्र कौर तथा हर्षमीत कौर ने विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण प्रदान किया। वहीं सर्वजीत कौर, रानी कौर, सुरेंद्र कौर, मनमीत कौर, दलजीत सिंह, कुलदीप सिंह, जसविंदर सिंह और सरदार सिंह ने सेवाएं देकर शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। शिविर प्रभारी नरेंद्र सिंह ग्रोवर और ज्ञान सिंह ने पूरे शिविर के संचालन और व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाली। समापन समारोह में बच्चों ने गुरबाणी कीर्तन, कथा, कविता पाठ और धार्मिक विचार प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गुरसेवक सिंह ने अरदास कर कार्यक्रम का समापन कराया। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों, सहयोगियों और सेवादारों को मोमेंटो एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उत्तराखंड सिख मिशन तथा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी धर्म प्रचार कमेटी की ओर से शिविर में शामिल सभी बच्चों को मैडल प्रदान किए गए। इसके अलावा श्री गुरु रामदास सेवा सोसायटी के हरविंदर सिंह ने सभी बच्चों को नि:शुल्क कॉपियों का वितरण किया। समारोह को संबोधित करते हुए सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के संयोजक देवेंद्र सिंह ने कहा कि बच्चों में धार्मिक एवं नैतिक संस्कार विकसित करने के उद्देश्य से प्रत्येक रविवार को विशेष कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शाम पांच बजे से छह बजे तक आयोजित होने वाली इन साप्ताहिक कक्षाओं में शुद्ध गुरबाणी पाठ, सिख इतिहास तथा गतका का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सविंदर कौर रोजी ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों, सेवादारों, गुरुद्वारा कमेटी, स्त्री सत्संग सभा और संगत का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर बच्चों को अपनी संस्कृति, धर्म और नैतिक मूल्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।



# महाविद्यालय में विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

रानीखेत (उद संवाददाता)।राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रानीखेत में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वनस्पति विज्ञान विभाग एवं पर्यावरण प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर कचरा संग्रहण किया गया तथा प्लास्टिक की बोतलों एवं अन्य पॉलीथीन अपशिष्टों का पृथक्करण किया गया। इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों द्वारा गमलों में बीजों का रोपण किया गया, ताकि भविष्य में पौध तैयार कर वृक्षारोपण गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा सके। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को "बीजों का रोपण एवं सावधानियाँ" विषय पर जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, प्राण वायु वाटिका प्राचार्य डॉ पुष्पेश पांडे के निर्देशन में सजावटी पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में एम. एस. सी. चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को उनके विभागीय गतिविधियों में सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पर्यावरण प्रकोष्ठ प्रभारी एवं वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ प्राची जोशी, एवं अन्य प्राध्यापक डॉ. कोमल गुप्ता, डॉ. तनुजा तिवारी, डॉ. आरती चौहान उपस्थित रहे। इस कार्य हेतु कृपाल सिंह नेगी एवं ललित मोहन उपाध्याय का विशेष सहयोग रहा।



# फाजलपुर मेहरौला की समस्याओं को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 25 फाजलपुर मेहरौला की विभिन्न समस्याओं को लेकर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया और अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय से कलेक्ट्रेट में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान नागरिकों ने लोक विहार कॉलोनी, बराड़ नगर तथा अपना एंक्लेव में लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। ज्ञापन के माध्यम से पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने प्रशासन का ध्यान क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि संबंधित कॉलोनियों में लोगों द्वारा वर्षों पूर्व भूमि और मकान क्रय किए गए थे तथा उनकी विधिवत रजिस्ट्री और दाखिल खारिज भी हो चुकी है। इसके बावजूद वर्ष 2018 में तत्कालीन जिलाधिकारी के आदेश के बाद क्षेत्र में भूमि की खरीद फरोख्त पर रोक लगा दी गई, जिससे हजारों लोग प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिबंध के कारण न केवल संपत्तियों की खरीद बिक्री बंद है, बल्कि नए विद्युत संयोजन, जल संयोजन और अन्य आवश्यक प्रशासनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। इससे क्षेत्र के लोगों को रोजमर्रा के जीवन में अनेक कठिनाइयों का



सामना करना पड़ रहा है। कई परिवार वर्षों से अपने वैध अधिकारों से वंचित हैं और मानसिक तथा आर्थिक परेशानियां झेलने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के नागरिक वर्षों से समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। इससे लोगों में प्रशासन और व्यवस्था के प्रति निराशा बढ़ रही है। उन्होंने जिलाधिकारी से मामले का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए रजिस्ट्री और दाखिल खारिज से जुड़े प्रतिबंधों की समीक्षा कर राहत प्रदान करने तथा क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की मांग की। इस दौरान जिलाधिकारी और अपर जिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल की बात सुनी तथा समस्याओं के परीक्षण के बाद नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में राजवीर सिंह, गुरमीत सिंह, तरसेम सिंह, डॉ. पी.पी. यादव, एस.एस. यादव, विजय दानी, मनवीर सिंह, बिक्रमजीत सिंह, शाकिर अली उर्फ सज्जू, पीयूष शर्मा, बलविंदर सिंह, सुखदेव सिंह, गिरजा शंकर पांडे, हरप्रीत सिंह, वैभव, देवेंद्र सिंह, यश पाठक, चंकीरत सिंह, हर्ष रावल, बलवीर सिंह, वीरेंद्र सिंह, राजेंद्र प्रसाद, सुखदेव सिंह चंदी, कुलदीप सिंह, चंदन सिंह रौतेला, महेश जोशी, प्रभाकर पांडे, संदीप वर्मा, हरजीत सिंह, लखविंदर सिंह, ललित सिंह बिष्ट सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

# प्रेम आश्रम में ठुकराल को किया सम्मानित

रुद्रपुर। संपतपुर स्थित श्री प्रेम आश्रम धाम में गुरु गायत्री नाथ महाराज के सानिध्य में आयोजित 72वां वार्षिक विशाल जागरण, के समापन कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को प्रेम आश्रम धाम के गुरु गायत्री नाथ महाराज ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उन्हें आशीर्वाद दिया। इस दौरान ठुकराल ने कहा कि संत महापुरुष समाज को आध्यात्मिक मार्गदर्शन देने के साथ-साथ सामाजिक समरसता और मानव सेवा की प्रेरणा भी देते हैं। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में भाईचारे, सद्भाव और संस्कारों को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि संतों का सानिध्य जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है और समाज को नैतिक मूल्यों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर प्रेम आश्रम धाम न्यास समिति के अध्यक्ष जगदीश सुखीजा, राजकुमार भुसरी, शुभम सुखीजा, सोमनाथ छाबड़ा, राजेन्द्र बठला, चिमन लाल ठुकराल, मनीष छाबड़ा, पुरुषोत्तम छाबड़ा, ललित बिष्ट, अशोक यादव, रमेन विश्वास, सुभाष मक्कड़, विशाल छाबड़ा, सचिन छाबड़ा, तीरथ सीकरी, इंदर खुराना, दर्शन लाल छाबड़ा, विनोद ठुकराल, बंटी कुमार, गुलशन शर्मा, विक्की छाबड़ा, सुमन, शकुंतला रानी सुखीजा, वर्षा छाबड़ा, मीनू हुड़िया, शशि भुसरी, कांता मक्कड़, शोभा फुफ्टेला, रजनी, सीमा सेतिया, सोनिया, सुदेश छाबड़ा, राधा रानी छाबड़ा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे



# संजय नगर में यूथ कांग्रेस कमेटी का गठन, सौरभ बने अध्यक्ष

रूद्रपुर । संजय नगर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में यूथ कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, जबकि कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की। गठित यूथ कांग्रेस कमेटी में सौरभ मिस्त्री को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं जयदेव सरकार, मनीष हाल्दार और भवदेव स्वर्णकार को उपाध्यक्ष बनाया गया। बिट्टू माझी, कृष्णा मंडल और अनीस राय को महामंत्री, दीपक राय को मंत्री, विश्वजीत ढाली को कोषाध्यक्ष तथा विशाल मल्लिक को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवाओं की भागीदारी किसी भी राजनीतिक संगठन की सबसे बड़ी ताकत होती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा



को जन जन तक पहुंचाने और जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने संगठन के नवगठित पदाधिकारियों से पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने कहा कि कांग्रेस लगातार युवाओं को संगठन में नेतृत्व के अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि नवगठित यूथ कांग्रेस कमेटी क्षेत्र में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के साथ ही युवाओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाकर समाज के विकास में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं गयी। इस दौरान संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा अधिक से अधिक युवाओं को कांग्रेस से जोड़ने पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में संजय आईस, मोनिका ढाली, उमा सरकार, अंकिता अधिकारी, रंजीत तिवारी, रमेन विश्वास, विकास मल्लिक, सुकुमार विश्वास, देवानंद स्वर्णकार, आसित बाला, अभिमन्यु साना, अंबर मंडल, सतनाम सिंह, मानिक विश्वास, उत्तम चौधरी, साधन मजूमदार, अजीत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# केदारनाथ यात्रा मार्ग पर हादसे में शक्तिफार्म की युवती की मौत

शक्तिफार्म। विश्व प्रसिद्ध श्री केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर सोमवार को हुए दर्दनाक हादसे में सितारगंज विधानसभा क्षेत्र के शक्तिफार्म की एक युवती की मौत हो गई, जबकि दो अन्य श्रद्धालु घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संवेदना प्रकट की है। जानकारी के अनुसार सुरेंद्रनगर वार्ड-13, शक्तिफार्म निवासी मीनाक्षी रौतेला पुत्री शिवराज सिंह रौतेला केदारनाथ धाम की यात्रा पर गई थीं। सोमवार को यात्रा के दौरान चीरबासा क्षेत्र में अचानक पहाड़ी से भारी पत्थर गिरने लगे। इस दौरान मीनाक्षी पत्थरों की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। मौके पर मौजूद लोगों और राहत टीम द्वारा उन्हें तत्काल उपचार के लिए भेजा गया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद चिकित्सक उन्हें बचा नहीं सके। हादसे में घायल दो अन्य श्रद्धालुओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। मृतका के परिजनों ने बताया कि मीनाक्षी का पार्थिव शरीर हरिद्वार के लिए रवाना कर दिया गया है, जहां परिवारजन अंतिम संस्कार करेंगे। घटना की खबर मिलते ही शक्तिफार्म क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया।

# गदरपुर में होगा एक शाम सांवरिया के नाम भजन संध्या का भव्य आयोजन

गदरपुर। श्री पुरातन सनातन धर्म मंदिर सेवा समिति एवं श्री श्याम संकीर्तन एवं जागरण मंडल के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार, 09 जून 2026 को गदरपुर में भव्य धार्मिक कार्यक्रम ष्एक शाम सांवरिया के नामष का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन श्री पुरातन सनातन धर्म मंदिर (नगरपालिका गेट के सामने) गदरपुर में किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम रात्रि 8 बजे से प्रभु इच्छा तक चलेगा, जिसमें श्रद्धालु श्याम प्रभु के भजनों का आनंद लेंगे। भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक वंश गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता एवं पूजा राय अपनी मधुर प्रस्तुतियों से भक्तों को भाव-विभोर करेंगे। कार्यक्रम के दौरान बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार, अखंड ज्योति, भव्य दरबार तथा इत्र वर्षा विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। आयोजकों ने नगर एवं आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है। मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। धार्मिक आयोजन को लेकर भक्तों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

## पेज एक का शेष...

**भर्ती में पारदर्शिता से ...**इसी का परिणाम है कि आज प्रदेश का युवा बिना किसी भय और संदेह के प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग ले रहा है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य गठन के बाद पहली बार इतने बड़े स्तर पर पारदर्शी ढंग से नियुक्तियां दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अब तक 33 हजार से अधिक युवाओं को विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरी प्रदान की जा चुकी है। यह केवल रोजगार देने का कार्य नहीं, बल्कि युवाओं के सपनों को साकार करने और उनके परिवारों के भविष्य को मजबूत बनाने का अभियान है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति किसी भी राज्य और राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होती है। सरकार युवाओं को रोजगार देने के साथ साथ स्वरोजगार और कौशल विकास के अवसर भी उपलब्ध करा रही है। कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों से कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, वह केवल एक नौकरी नहीं बल्कि जनता की सेवा का अवसर है। उन्होंने अपेक्षा जताई कि सभी चयनित अभ्यर्थी अपने कार्यों से विभागों की कार्यक्षमता बढ़ाएंगे और राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवक के रूप में कार्य करते समय जनहित सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पारदर्शी और जवाबदेह शासन व्यवस्था को बढ़ावा मिला है। उसी भावना के अनुरूप उत्तराखण्ड सरकार भी सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। राज्य में विकास योजनाओं के साथ साथ रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि युवाओं को अपने प्रदेश में ही बेहतर अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड तेजी से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में राज्य की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इसके लिए आवश्यक है कि युवा अपनी ऊर्जा और प्रतिभा का उपयोग राज्य निर्माण में करें। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, राम सिंह कैड़ा, विधायक सविता कपूर आदि भी मौजूद रहे।

**मोदी के नेतृत्व में ....** कर्णप्रयाग रेल परियोजना अब पूर्णता की ओर बढ़ रही है। इसके अलावा टनकपुर बागेश्वर रेल लाइन परियोजना को भी केंद्र सरकार की मंजूरी मिल चुकी है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत प्रदेश के 11 रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यकाल में राज्य में हवाई सेवाओं का भी तेजी से विस्तार हुआ है। जॉलीग्रांट, पंतनगर और पिथौरागढ़ हवाई अड्डों का विस्तार किया गया है। उड़ान योजना के तहत प्रदेश में 18 हेलीपोर्ट विकसित किए जा रहे हैं, जिनमें से 12 पर सेवाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। राज्य में हेलीपोर्ट और हेलीपैड की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। धामी ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से आध्यात्मिक और धार्मिक पर्यटन को नई पहचान मिली है। पर्वतमाला परियोजना के तहत गौरीकुंड से केदारनाथ तथा गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक रोपवे परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम पुनर्विकास परियोजनाओं के साथ मानसखंड मंदिर माला मिशन भी राज्य की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को सशक्त बनाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जमरानी, सौंग और लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजनाओं पर तेजी से कार्य चल रहा है, जिससे सिंचाई, पेयजल और ऊर्जा क्षेत्र को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा। किच्छा में एम्स सैटेलाइट सेंटर का कार्य शुरू हो चुका है, जबकि एम्स ऋषिकेश में देश की पहली हेली एम्बुलेंस सेवा भी प्रारंभ की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश आज विकसित भारत के अमृतकाल में प्रवेश कर चुका है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह इस परिवर्तन यात्रा का सहभागी बने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक भारत को विकसित, आत्मनिर्भर और विश्व का मार्गदर्शन करने वाला राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दे।

**कुमाउ की नई आईजी...**तथा लंबित मामलों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से पुलिस की कार्यप्रणाली, जनसुनवाई व्यवस्था और संवेदनशील क्षेत्रों की जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करे। उन्होंने कहा कि अपराधों की रोकथाम, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध नियंत्रण और जनविश्वास को मजबूत करना पुलिस की प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। आईजी ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से समन्वय और टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि जनता और पुलिस के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आधुनिक चुनौतियों के अनुरूप पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए तकनीकी संसाधनों का बेहतर उपयोग किया जाएगा। कार्यभार ग्रहण के अवसर पर परिक्षेत्र के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

**नगर पंचायत गढ़नेगी...**को निर्भीक एवं सुगमता के साथ मतदान करने का अवसर उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और तैनात सुरक्षा कर्मियों को पूरी सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ ड्यूटी निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या शिकायत पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। दोपहर तक नगर पंचायत गढ़नेगी में लगभग 55 प्रतिशत मतदान दर्ज किया जा चुका था। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रशांत कुमार, डी.आर. वर्मा, तहसीलदार पंकज चंदोला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**कैंटर की टक्कर से ...**रफ्तार कैंटर ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बच्ची सड़क पर गिरकर कैंटर के पहिये की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। हादसे से आक्रोशित लोगों ने कैंटर को घेर लिया और चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए नाराजगी जताई। कुछ समय के लिए मौके पर तनावपूर्ण स्थिति भी बनी रही। सूचना मिलने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अमित सैनी भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाकर शांत कराया और चालक को सुरक्षित हिरासत में लेकर थाने भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कैंटर को भी कब्जे में ले लिया है। हादसे की खबर मिलते ही मृतक बच्ची के परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि बच्ची के पिता सऊदी अरब में नौकरी करते हैं। परिवार के अन्य सदस्य घटना के बाद सदमे में हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अमित कुमार सैनी ने बताया कि दुर्घटना में एक किशोरी की मृत्यु हुई है। कैंटर और उसके चालक को कब्जे में ले लिया गया है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने के बाद नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। पुलिस हादसे के कारणों की भी जांच कर रही है।

**पांच करोड़ की ज्वैलरी...**कार्रवाई करते हुए उन्हें चिन्हित कर लिया और उत्तर प्रदेश के रामपुर जनपद स्थित बिलासपुर क्षेत्र में संयुक्त अभियान चलाकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में आरोपियों का संबंध हैदराबाद की करोड़ों रुपये की ज्वेलरी चोरी से जुड़ा पाया गया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से चोरी किए गए बहुमूल्य आभूषण भी बरामद कर लिए गए। बस उत्तर प्रदेश की सीमा में रोकी गई थी, इसलिए बरामदगी और अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जिम्मेदारी बिलासपुर पुलिस द्वारा पूरी की गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई अंतर्राज्यीय समन्वय, त्वरित सूचना आदान-प्रदान और प्रभावी पुलिसिंग का उत्कृष्ट उदाहरण है। समय रहते कार्रवाई नहीं होती तो आरोपी नेपाल सीमा पार कर सकते थे, जिससे मामले के खुलासे में कठिनाई उत्पन्न हो सकती थी। इस सफल अभियान में रुद्रपुर पुलिस, एसओजी टीम और रामपुर पुलिस की संयुक्त भूमिका रही। पुलिस की तत्परता से करोड़ों रुपये मूल्य की चोरी की संपत्ति बरामद होने के साथ ही आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया, जिससे एक बड़े आपराधिक मामले का शीघ्र खुलासा संभव हो सका।

**दुकान में सोफे...**लग रहा था। जिसके बाद एसएसपी के निर्देश पर पुलिस टीम का गठन किया गया। रम्पुरा चौकी प्रभारी पंकज कुमार व बाजार चौकी प्रभारी प्रदीप कोहली के नेतृत्व में टीम ने आज काली मंदिर के पास एक घर व उसके बाहर बनी दुकान में औचक दबिश दी। इस दौरान दुकान के अन्दर रखे सोफे को जब हटाया गया तो उसके नीचे दो गड्ढे दिखाई दिये जिनमें ड्रम रखे हुए थे। टीम ने ड्रम को बाहर निकाला तो उसमें कुल 52 पाउच अवैध शराब के बरामद हुए। पुलिस ने तत्काल मौके पर मौजूद दो महिलाओं को अपनी हिरासत में ले लिया। टीम का घर और दुकान की सघन तलाशी लेने का काम समाचार लिखे जाने तक जारी था।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड) से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com, www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# खटीमा के लाल डॉ. ललित सिंह बने आईएससीसीएम के राष्ट्रीय महासचिव

रुद्रपुर/खटीमा(उद संवाददाता)। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, बरेली के रेस्पिरेटरी एवं क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. ललित सिंह को इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन (आईएससीसीएम) का राष्ट्रीय महासचिव चुना गया है। उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर चिकित्सा जगत के साथ-साथ उत्तराखंड के तराई क्षेत्र, विशेषकर खटीमा में भी खुशी की लहर दौड़ गई है। आईएससीसीएम के राष्ट्रीय चुनाव में डॉ. ललित सिंह ने शानदार जीत दर्ज करते हुए देश-विदेश के सदस्यों का व्यापक समर्थन हासिल किया। उन्हें भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के सदस्यों का भी भरपूर समर्थन मिला। चिकित्सा क्षेत्र में उनकी विशेषज्ञता, नेतृत्व क्षमता और लंबे अनुभव को इस सफलता का प्रमुख आधार माना जा रहा है। डॉ. ललित सिंह पिछले दो दशकों से अधिक समय से एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में रेस्पिरेटरी एवं क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने गंभीर रोगियों के उपचार, चिकित्सा शिक्षा और शोध के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है।



राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी पहचान एक कुशल चिकित्सक, शोध कर्ता और शिक्षाविद् के रूप में स्थापित है। डॉ. ललित सिंह मूल रूप से खटीमा क्षेत्र के चकरपुर निवासी हैं और क्षेत्र में उनकी अच्छी सामाजिक एवं जनसंपर्क पकड़ रही है। चिकित्सा सेवाओं के साथ-साथ वे सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहे हैं। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने खटीमा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरकर अपनी राजनीतिक उपस्थिति भी दर्ज कराई थी। हालांकि उस चुनाव में उन्हें 4,516 मत प्राप्त हुए और वे चौथे स्थान पर रहे थे। उनके राष्ट्रीय महासचिव चुने जाने पर एसआरएमएस प्रबंधन, चिकित्सकों, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा उत्तराखंड के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। लोगों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में आईएससीसीएम देश में क्रिटिकल केयर चिकित्सा सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य करेगा। एसआरएमएस परिवार ने डॉ. ललित सिंह को इस उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की है।

# 46 साल बाद लौटा बेटा: मां ने एक नजर में पहचाना, भावुक मिलन देख नम हुई आंखें

बेरीनाग (पिथौरागढ़)। जिले के बेरीनाग क्षेत्र से मां की ममता और अटूट विश्वास की एक ऐसी मार्मिक कहानी सामने आई है, जिसने पूरे क्षेत्र को भावुक कर दिया। 46 वर्ष पहले घर से लापता हुआ बेटा साधु के वेश में भिक्षा मांगते हुए अपने गांव पहुंचा तो 85 वर्षीय मां ने उसे एक नजर में पहचान लिया। चार दशक से अधिक समय बाद मां-बेटे के मिलन का दृश्य देखकर गांव वालों की आंखें भी नम हो गईं। पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले की सीमा पर स्थित दौलीगाड़ गांव निवासी बुद्धि बल्लभ उपाध्याय वर्ष 1980 के आसपास मात्र 15 वर्ष की उम्र में घर से अचानक लापता हो गए थे। परिजनों ने उनकी काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। समय के साथ पिता तारादत्त उपाध्याय का निधन हो गया, लेकिन मां नंदी देवी ने बेटे के लौटने की आस कभी नहीं छोड़ी। गुरुवार को एक साधु भिक्षा मांगते हुए उनके घर पहुंचा। नंदी देवी ने उसकी आवाज सुनी और कुछ देर तक उसे गौर से देखती रहीं। अचानक उन्हें एहसास हुआ कि यह साधु कोई और नहीं बल्कि उनका बिछड़ा बेटा बुद्धि बल्लभ है। इसके



बाद मां ने बेटे को गले लगा लिया और दोनों फूट-फूट कर रो पड़े। बुद्धि बल्लभ ने बताया कि घर छोड़ने के बाद उन्होंने विभिन्न स्थानों पर काम किया और बाद में आध्यात्मिक जीवन अपना लिया। हरिद्वार में समय बिताने के बाद वह राजस्थान के बीकानेर पहुंचे, जहां एक मंदिर में रहकर साधु जीवन व्यतीत करने लगे। इसी दौरान उन्होंने अपना नाम बदलकर बुद्धनाथ रख लिया। वर्तमान में उनकी 12 फीट से अधिक लंबी जटाएं हैं और वे साधु के रूप में जीवन यापन कर रहे हैं। मां-बेटे के पुनर्मिलन की खबर पूरे क्षेत्र में तेजी से फैल गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण उनसे मिलने पहुंचे और उनका आशीर्वाद लिया। बुद्धनाथ ने अपने रिश्तेदारों और परिजनों को भी पहचान लिया तथा परिवार की पुरानी यादों को ताजा किया। उन्होंने बताया कि वह कुछ दिन अपनी मां के साथ बिताने के बाद वापस बीकानेर लौट जाएंगे। यह कहानी एक मां के अटूट विश्वास, ममता और बेटे की घर वापसी की ऐसी मिसाल बन गई है, जिसने हर किसी को भावुक कर दिया। 46 वर्षों का लंबा इंतजार आखिरकार समाप्त हुआ और मां की उम्मीद सच साबित हुई।

### मेरा बेटा जरूर लौटेगा..

85 वर्षीय नंदी देवी वर्षों से हर मिलने वाले से अपने बेटे के बारे में पूछती थीं। परिवार और गांव के लोग उम्मीद छोड़ चुके थे, लेकिन मां को विश्वास था कि उनका बेटा एक दिन जरूर लौटेगा। गुरुवार को उनका यह विश्वास सच साबित हुआ और 46 साल बाद बेटे को सामने देखकर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

# अशोक छाबड़ा को प्रभारी बनाए जाने पर किया स्वागत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा संगठन के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक छाबड़ा को जनपद ऊधम सिंह नगर, नैनीताल एवं काशीपुर का प्रभारी मनोनीत किए जाने पर रुद्रपुर व्यापार मंडल के



पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने श्री छाबड़ा का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। व्यापार मंडल जिला महामंत्री निर्मल हंसपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा अशोक छाबड़ा को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपना संगठन की दूरदर्शी सोच का परिचायक है। श्री छाबड़ा का लंबा संगठनात्मक अनुभव, व्यापारियों की समस्याओं की गहरी समझ तथा संघर्षशील व्यक्तित्व व्यापार मंडल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। रुद्रपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि श्री छाबड़ा का संगठनात्मक अनुभव और व्यापारियों के बीच उनकी मजबूत पकड़ व्यापार मंडल को और अधिक सशक्त बनाएगी। उन्होंने कहा व्यापारियों के समक्ष आज अनेक चुनौतियां हैं, जिनके समाधान के लिए एक मजबूत एवं अनुभवी नेतृत्व की आवश्यकता है। श्री छाबड़ा के नेतृत्व में व्यापार मंडल पूरी ताकत और दमखम के साथ व्यापारियों की समस्याओं एवं अधिकारों की लड़ाई लड़ेगा।श्री जुनेजा ने कहा कि अशोक छाबड़ा पूर्व में व्यापार मंडल के अनेक महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं तथा संगठन के विस्तार एवं मजबूती में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके अनुभव और मार्गदर्शन का लाभ प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारियों को मिलेगा। इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री राजेश बंसल, गदरपुर व्यापार मंडल महामंत्री संदीप चावला, राजकुमार सीकरी, पवन गाबा पल्ली, शिवन सेठी, चीनू दुआ, चेतन खनिजों, मनजीत गगनेजा, गौरव गांधी, दानिश अहमद, अंश अग्रवाल, सागर छाबड़ा, गगन दुनेजा आदि व्यापारी मौजूद थे।

# मांगों को लेकर आयुर्वेद चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। राजकीय आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा सेवा संघ ने चिकित्साधिकारी संवर्ग की वर्षों से लंबित सेवा संबंधी समस्याओं और नई उपस्थिति व्यवस्था के विरोध में सोमवार से प्रदेशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया है। इसी क्रम में जनपद उधम सिंह नगर के विभिन्न आयुर्वेद चिकित्सालयों में डॉक्टरों ने अपनी मांगों के समर्थन में सोमवार को हाथों पर काली पट्टी बांधकर ओपीडी में कार्य किया और अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान डॉक्टरों ने मरीजों को परामर्श देना जारी रखा ताकि चिकित्सा सेवाएं बाधित न हों।संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि पदोन्नति, विभागीय पुनर्गठन, स्थायीकरण और त्रुटिपूर्ण उपस्थिति व्यवस्था सहित कई महत्वपूर्ण मामले लंबे समय से लंबित पड़े हैं। शासन स्तर पर बार-बार आवाज उठाने के बाद भी इन समस्याओं का कोई न्यायसंगत समाधान नहीं निकाला



गया है, जिसके कारण डॉक्टरों को आंदोलन की राह चुनने पर मजबूर होना पड़ा है। अध्यक्ष मनविंदर पाल सिंह व सचिव डॉ. राकेश कुमार चिलाना का का कहना है किषविभागीय स्तर पर कई दौर की वार्ता होने के बावजूद परिणाम शून्य रहा है। पदोन्नति और स्थायीकरण जैसे बुनियादी हक न मिलने से चिकित्सकों में भारी निराशा है। वर्तमान नियमों के विरोध में आज जिले के सभी ब्लॉक और क्षेत्रीय अस्पतालों में डॉक्टरों ने काली पट्टी बांधकर अपनी एकजुटता दिखाई है। यदि शासन ने जल्द ही कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया, तो इस आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।ष डॉक्टरों का कहना है कि वे मरीजों के हित को ध्यान में रखते हुए अभी ओपीडी बंद नहीं कर रहे हैं, लेकिन यदि उनके शांतिपूर्ण विरोध को कमजोरी समझा गया, तो वे पूर्ण कार्य बहिष्कार जैसे कड़े कदम उठाने के लिए भी बाध्य होंगे।

# पुलिस का सघन चेकिंग अभियान, संदिग्धों और वाहनों की हुई जांच

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और शहर में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कोतवाली रुद्रपुर पुलिस ने मंगलवार को शहर के प्रमुख एवं संवेदनशील क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने मुख्य बाजार, गांधी पार्क, रोडवेज परिसर सहित अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों तथा सार्वजनिक गतिविधियों की गहन जांच की।



चेकिंग अभियान के दौरान बाजार चौकी प्रभारी प्रदीप कोहली अपनी टीम और पुलिस बल के साथ विभिन्न स्थानों पर मौजूद रहे। पुलिस कर्मियों ने बाजार क्षेत्रों में घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की तथा उनकी गतिविधियों की जानकारी ली। इसके अलावा दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच कर उनके आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। पुलिस ने सार्वजनिक स्थलों, बाजारों और यात्री प्रतीक्षालयों में भी निगरानी रखते हुए सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अभियान के दौरान लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराधों की रोकथाम, असामाजिक तत्वों पर नजर रखने, शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से समय समय पर ऐसे अभियान चलाए जाते हैं। इससे न केवल अपराधियों में पुलिस का भय बना रहता है, बल्कि आम नागरिक भी स्वयं को अधिक सुरक्षित महसूस करते हैं। कोतवाली पुलिस ने स्पष्ट किया कि शहर में कानून व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। अपराध नियंत्रण एवं जनसुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आने वाले दिनों में भी विभिन्न क्षेत्रों में सघन चेकिंग और सत्यापन अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# सारांश सुखीजा बने बेंच प्रेस में ओवरऑल चैंपियन

गदरपुर। गदरपुर में पहली बार आयोजित की गई गदरपुर पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2026 का खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में गदरपुर के सारांश सुखीजा ने पावरलिफ्टिंग बेंच प्रेस चौंपियनशिप के पुरुष वर्ग के 82.5 किग्रा में ओवरऑल मुकाबले में बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। 90 किग्रा वर्ग में कबीर चावला और 80 किग्रा वर्ग में आर्यन पपोला ने बाजी मारी। वहीं, 200 किग्रा महिला वर्ग की डेड लिफ्ट में शगुन चौधरी और 72 किग्रा वर्ग में दीक्षा पांडे ने बाजी मारी। विजेता प्रतिभागियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के आयोजक लवप्रीत सिंह ने बताया युवाओं में पावरलिफ्टिंग के प्रति जागरूकता बड़ी है और कई प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय और



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने क्षेत्र, प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। पावरलिफ्टिंग चौंपियनशिप के दौरान विधायक अरविंद पांडेय ने भी पुरुष और महिला पावरलिफ्टरों से मुलाकात की और अपनी प्रतिभा के दम पर प्रदेश और देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। संचालन वंश शर्मा ने किया। इस मौके पर कोच मनप्रीत सिंह, सुमन चौधरी, सत्यजीत शर्मा, गौरव मिश्रा, अंकुर चावला, शैलेंद्र शर्मा, संजीव सुखीजा, हरजीत सिंह, सिद्धार्थ सुखीजा आदि मौजूद थे।

# दिव्यांग महिला का सड़ा-गला शव मिलने से सनसनी

गदरपुर। नगर के वार्ड नंबर-5 में एक दिव्यांग महिला का सड़ा-गला शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर-5 निवासी रेखा ग्रोवर पिछले करीब 11 वर्षों से अकेले रह रही थीं। स्थानीय लोगों ने बताया कि उनके कमरे का शटर पिछले दो-तीन दिनों से बंद था। इसी दौरान आसपास के लोगों को दुर्गंध महसूस हुई। संदेह होने पर लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने सब कटर की मदद से शटर काटकर कमरे के अंदर प्रवेश किया। अंदर मोटर के पास रेखा ग्रोवर का शव पड़ा मिला, जो काफी हद तक सड़-गल चुका था। शव की स्थिति देखकर अंदेशा जताया जा रहा है कि उनकी मौत कई दिन पहले हो चुकी थी।पास में फर्नीचर की दुकान संचालित करने वाले जावेद सैफी ने बताया कि महिला के कमरे का शटर दो-तीन दिनों से बंद था। दुर्गंध आने पर लोगों को अनहोनी की आशंका हुई, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।मृतका की बहन ने बताया कि रेखा परिवार में सबसे छोटी थीं। परिवार में छह बहनें और दो भाई हैं। वह लंबे समय से उक्त स्थान पर अकेले रह रही थीं।गदरपुर कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु के कारणों का पता चल सकेगा।

# रामजीवनपुर पहुंचे डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया

गदरपुर। ग्राम रामजीवनपुर में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रेरणास्रोत डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया का आगमन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओम प्रकाश सैनी ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोगों एवं संगठन के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया ने हिंदू समाज को संगठित, जागरूक और आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज की एकता और सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र एवं समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सावित्री चंद, कुमाऊं संभाग महामंत्री करण सिंह, जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सैनी तथा जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष अल्मोड़ा शंकर भोज सहित अनेक पदाधिकारी एवं



कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान संगठन की भावी योजनाओं, हिंदू समाज के उत्थान तथा सामाजिक जागरूकता से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र एवं समाज की उन्नति के संकल्प के साथ हुआ।